7 -MARCH-JANJ-BHOOMI PG-1_Layout 1 3/7/2025 10:31 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 16. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 8 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


4 दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिविर जरूरी : जांगड़े



## खबर संक्षेप

### नए नगर निरीक्षक गुप्ता ने संभाला पदभार

**चांपा।** चांपा थाना को नया थाना प्रभारी मिल गया है। जय प्रकाश



गुप्ता को चांपा थाना का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के आदेशानुसार उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जय प्रकाश गुप्ता इससे पहले बिलासपुर जिले में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विगत दो माह से वे लाइन में थे, लेकिन अब उन्हें चांपा थाना की कमान सौंपी गई है। पूर्व में चांपा थाना प्रभारी टीआई डॉ. नरेश पटेल का तबादला रायपुर हो गया है। अब जय प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में चांपा थाना की कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है।

### रंजना मानेश जांगड़े अध्यक्ष व रूपचंद निर्विरोध बने उपाध्यक्ष, बलौदा में अध्यक्ष के लिए हुआ मतदान

# पामगढ़ और बलौदा जनपद में भी लहराया भाजपा का परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले की पांचों जनपद पंचायत में भाजपा का विजय परचम लहराया है। तीसरे और अंतिम चरण में जिले के पामगढ़ व बलौदा ब्लाक में भाजपा समर्थित सदस्य अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बने है। खास बात यह है कि पामगढ़ में दोनों पदों पर भाजपा ने निर्विरोध कब्जा किया है तो बलौदा में अध्यक्ष के लिए कांटे की टक्कर में भाजपा प्रत्याशी ने अपनी जीत दर्ज की है। इसके अलावा उपाध्यक्ष यहां भी निर्विरोध बने है।

शुक्रवार 7 मार्च को जिले के पामगढ़ व बलौदा जनपद पंचायत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सुबह से लेकर गहमागहमी का माहौल रहा। निर्धारित समय पर पीठासीन अधिकारी द्वारा अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कराई गई। इस दौरान जनपद पंचायत पामगढ़ में भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्रीमती रंजना मानेश जांगड़े ने अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा किया और उपाध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित रूपचंद साहू ने नामांकन जमा किया। इस दौरान विपक्षी पार्टियों की तरफ से कोई भी उम्मीदवार सामने नहीं आए। दोनों पदों के लिए एक एक आवेदन प्राप्त हुए। जो सवीक्षा में विधिमान्य पाए गए। इस दौरान अध्यक्ष के लिए रंजना जांगड़े और रूपचंद साहू को उपाध्यक्ष का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत बलौदा में अध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी शारदा सनत देवांगन और कांग्रेस की ओर से शारदा गौतम राठौर ने नामांकन फार्म जमा किया। जबकि उपाध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित शिशुपाल सिंह ठाकुर का एकमात्र आवेदन जमा हुआ। इस दौरान अध्यक्ष के लिए मतदान कराया गया। जिसमें शारदा देवांगन को 12 वोट मिले और शारदा राठौर को 11 मत मिले। इस दौरान शारदा देवांगन को विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र घोषित किया और शिशुपाल को निर्विरोध निर्वाचन करते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। इधर पामगढ़ और बलौदा दोनों जनपद पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनने के बाद पदाधिकारी ओर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। संगठन के पदाधिकारियों के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान रंग गुलाल के साथ जमकर आतिशबाजी भी हुई।





जनपद पंचायत बलौदा व पामगढ़ में निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष।

### 5 जनपद पंचायतों में भाजपा का कब्जा

जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में जांजगीर चांपा जिले के 5 जनपद पंचायतों में भाजपा का कब्जा हुआ है। इनमें जनपद पंचायत अकलतरा में शकुन अघरिया अध्यक्ष एवं सुष्मिता सिंह उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई। जनपद पंचायत बम्हनीडीह में भाजपा के मनीषा चौहान अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर उत्तरा सिदार निर्वाचित हुई। इसी प्रकार जनपद पंचायत नवागढ़ में भाजपा के श्रीमती कांता कश्यप अध्यक्ष एवं शांति कश्यप उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई है। जनपद पंचायत बलौदा में श्रीमती शारदा देवांगन अध्यक्ष एवं शिशुपाल सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई है। जनपद पंचायत पामगढ़ में रंजना जांगड़े अध्यक्ष एवं रूपचंद्र साहू उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है।

## जेसीबी की चपेट में आकर बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल



दुर्घटना कारित जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दशगात्र कार्यक्रम से वापस लौट रहे बाइक सवार लोगों को जेसीबी ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में एक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना सिटी कोतवाली जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत खोखरा का है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार 6 मार्च की रात 9 बजे की है। ग्राम खोखरा निवासी तुलाराम सूर्यवंशी एवं रामसनेही सूर्यवंशी दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गांव गए हुए थे। इस बीच वहां से वापस खोखरा आ रहे थे। इस बीच गांव में ही जेसीबी के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में ले लिया। घटना में तुलाराम एवं रामसनेही गंभीर रूप से धायल हो गए। इस दौरान तुलाराम की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच गंभीर रूप से घायल रामसनेही उपचार के लिए जिला अस्पताल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद जेसीबी का चालक मौका देखकर भाग खड़ा हो गया। जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। इधर हादसे में मृत तुलाराम के शव का पंचनामा उपरांत पीएम की कार्रवाई के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## जंगल में जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार, 71 हजार रुपए बरामद



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पंतोरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत अंगारखार में जुआ खेलने वाले 3 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से 71 हजार रुपए एवं ताश पत्ती को बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 7 मार्च को चौकी पंतोरा क्षेत्र के अंगारखार जंगल में सायबर टीम और पंतोरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से 71 हजार 300 नगद और 52 पत्ती ताश बरामद की।

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के दिशा-निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा (2) के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों में राजकुमार सिंह निवासी तारबहार नाका, वार्ड क्रमांक 29, थाना तारबहार, जिला बिलासपुर, यशवंत यादव निवासी सरखों, चौकी नैला, थाना कोतवाली नरेन्द्र कुमार – निवासी खरौद, थाना शिवरीनारायण को गिरफ्तार किया गया है। इस संयुक्त ऑपरेशन में सायबर टीम प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, चौकी प्रभारी भवानी सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, आरक्षक गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, रोहित कहरा और शाहबाज खान सहित चौकी पंतोरा पुलिस स्टाफ ने भूमिका निभाई।

**खास बात**

- जुआ प्रतिशेष अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई




बिलासपुर, शनिवार, 8 मार्च 2025
haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### 14 मत प्राप्त कर नगरपालिका सक्ती के उपाध्यक्ष बने भरत



**सक्ती।** नगरपालिका सक्ती में हुए उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा द्वारा वार्ड 5 के भाजपा समर्थित पार्षद भरत यादव को उपाध्यक्ष प्रत्याशी बनाया गया, जो 14 मतों से निर्वाचित हुए। नगरपालिका सक्ती में 18 पार्षद हैं जिसमें से अध्यक्ष एवं 18 पार्षद सहित 19 मत थे, जिसमें से 14 मत भाजपा समर्थित उपाध्यक्ष प्रत्याशी भरत यादव ने प्राप्त कर जीत दर्ज किया जबकि कांग्रेस से उपाध्यक्ष प्रत्याशी को केवल 5 मत प्राप्त हुए।

### करही में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से

**बिर्रा।** ग्राम करही के कश्यप निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शनिवार 8 मार्च को कलश यात्रा के साथ होगा। कथा व्यास आचार्य श्रीकांत शास्त्री मनेंद्रगढ़ वाले होंगे। समापन हवन और सहस्त्रधारा के साथ शनिवार 15 मार्च को होगा। आयोजन को लेकर भगतराम कश्यप एवं लखन लाल कश्यप एवं परिवार के लोग जुटे हुए है।

### नव-निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष का नगर पंचायत राहौद में हुआ स्वागत



**राहौद।** नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी एवं जिला पंचायत सदस्य संतोषी मनोज रात्रे, कुंती जांगड़े, आनंद प्रकाश मिरी, अनुराग मधुकर, अग्नेश्वरी मिली, सोमेश जांगड़े, तरिकेश्वर जांगड़े का प्रथम नगर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ फूल माला व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी सड़क मार्ग से गिरौधपुरी धाम के प्रस्थान किए थे। इस दौरान बिलारी चौक में भाजपा कार्यकर्ता धीरेंद्र योगी, पार्षद विमल मनहर, पार्षद अमित अनंत, पार्षद योगेश देवांगन, पार्षद नरसिंह गोंड़,सूरज शंकर लदेर पूर्व नपं उपाध्यक्ष, ऋषभ नाथ योगी,सुनील गुप्ता, संतराम चंदेल,संजू अनंत, पप्पू गोंड,सहित बड़ी में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नवागढ़ में भारतीय स्टेट बैंक शाखा का उद्घाटन आज

**नवागढ़।** विकासखंड मुख्यालय नवागढ़ में शनिवार 8 मार्च को भारतीय स्टेट बैंक शाखा का वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण वर्चुवल उद्घाटन करेंगी। इस संबंध में नवपदस्थ शाखा प्रबंधक दिनेश टिंकू ने बताया कि शाम 4 बजे वित्तमंत्री द्वारा वर्चुअली शाखा का उद्घाटन किया जाएगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार 8 मार्च को देश में लगभग 45 शाखा का आनलाइन उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर डीजी एम, एजी एम सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहेगें।




### विभिन्न खेल प्रतियोगिता और सायकल रैली का आयोजन आज

**सक्ती।** जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में सक्ती जिले के युवाओं तथा महिलाओं में खेल के प्रति जागरुकता बढ़ाने एवं युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से जिला मुख्यालय सक्ती के नंदेली भांठा मैदान में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता (जैसे- खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी, 100 मीटर दौड़, फुटबाल) तथा सायकल रैली का वृहद रुप से आयोजन सुबह 10 बजे से किया जाएगा।

दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का हुआ आयोजन

# दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिविर जरूरी : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत जिले के दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठजनों हेतु भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर द्वारा निर्मित सहायक उपकरणों, कैलीपर्स व कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय करने के लिए सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार 7 मार्च को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजन तथा वरिष्ठजन हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरण कर लाभांवित किया गया।



हितग्राहियों को सहायक उपकरण देती सांसद एवं अन्य अतिथिगण।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि शासन के निर्देशन में संभाग अंतर्गत विभिन्न जिलो में दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण किया जा रहा है। केंद्र और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लगातार किसानों, युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठजनों सहित सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिविर आयोजित करना जरूरी है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में मोटराईज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, बैसाखी, कैलिपर्स, छड़ी कृत्रिम अंग, श्रवणयंत्र, ब्रैलकीट, रोलेटर चाईल्ड, व्हीलचेयर, वाकर हितग्राहियों को प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू, समाज कल्याण उप संचालक बी एन बैक सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, विभिन्न दिव्यांगजन व वरिष्ठजन हितग्राही तथा समाज कल्याण विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन धान की खरीदी सुनिश्चित करें सरकार : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा


पत्रकारों से चर्चा करते श्री ठाकुर एवं अन्य।

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं जनता दल के पूर्व कद्दावर नेता रघु ठाकुर इन दोनों छत्तीसगढ़ प्रदेश के दौरे पर है। उन्होंने स्थानीय रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन खेती को प्रोत्साहन देने के लिए उठाये गये कदम स्वागतेय है किन्तु सरकार को खाद, बीज की काला बाजारी रोकने के कदम उठाना चाहिए साथ ही पानी की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ग्रीष्मकालीन धान की खरीदी सुनिश्चित करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता आदर्श रही है हाल ही में उसमें एक और शहादत का नाम जुड़ा है बस्तर के मुकेश कुमार पत्रकार की। पत्रकारिता के धर्म को लेकर हुई हत्या शहादत है, मैं प्रदेश सरकार से मांग करता हूं कि जान जोखिम में डालकर कार्य करने वाले पत्रकारो के लिए मुकेश कुमार के नाम पर आदर्श पुरस्कार दिये जाने की घोषणा करें व उनकी मदद के लिए - कोष का गठन करें। उन्होंने कहा भारत सरकार ने जो नई शिक्षा नीति जारी की है उसमें त्रिभाषा फार्मूला अपनाया है जो नया नहीं है। वह कई दशको से चर्चा में रहा है जिसका विरोध तमिलनाडु मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने किया, जिसमें उन्होंने इसे हिंदी साम्राज्यवाद कहा है जो गलत है। यह कोई हिंदी का साम्राज्यवाद नहीं है। इस त्रिभाषा फार्मूला को राजनीतिक जज्बे से गढ़ा है। हम एम के स्टालिन से कहना चाहते है कि अगर हिंदी से परहेज है तो वे उर्दु, तेलगु, कन्नड़ जो भी भारतीय भाषा है उनमें से कोई और पढ़ाये परन्तुहिंदी को अपनी सियासत का मुद्दा न बनाएं। अगर राष्ट्रीय पटल पर उन्हें आना है तो हिंदी विरोध की राजनीति को छोड़ना पडेगा।

### नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख की धोखाधड़ी, पुलिस से शिकायत

**जांजगीर-चाम्पा।** स्वास्थय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख 87 हजार रूपए की धोखाधडी करने का मामला सामने आया है। इस बात की शिकायत प्रार्थी ने नवागढ थाना प्रभारी से करते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ थाना क्षेत्र के ग्राम किरीत निवासी मनोज साहू पिता श्यामलाल साहू उम्र 23 वर्ष ने नवागढ थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि ग्राम पोडीशंकर निवासी उमेश चौहान उम्र 31 वर्ष के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तहत एमएसडब्लू एवं एमपीडब्लू में नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख 87 हजार रूपए की धोखाधडी की है। प्रार्थी के मनीष के द्वारा नौकरी नही लगने की स्थिती में दिए राशि वापस करने की मांग कई बार की गई, लेकिन उमेश चौहान के द्वारा ना ही नौकरी लगवाई गई और ना ही पैसा वापस किया गया। ऐसे में प्रार्थी नवागढ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए मामले पर जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की है।

**खास बात**

- नवागढ थाना क्षेत्र के ग्राम किरीत का मामला

### होलिका दहन के लिए स्थान परिवर्तन करने ग्रामीणों ने कलेक्टर से की मांग

**जांजगीर-चाम्पा।** बलौदा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कमरीद के पंडरी तालाब एवं बीच बस्ती के मध्य आम रास्ते में ही होलिका दहन लगातार होता आ रहा है। होलिका दहन स्थल के पास ही तालाब भी है, जिसके माध्यम से निस्तारी होता है। ऐसे में होलिका दहन के दौरान असामाजिक तत्वो के लोग शराब पीकर अपशब्द बोलते रहते है, जिसके चलते मार्ग से होकर आवाजाही करने वाले लोगों के साथ-साथ महिलाओं को असहज स्थिति का सामना करना पडता है। ग्रामीण गुरूवार 6 मार्च को कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए होलिका दहन स्थान परिवर्तन करते हुए उसे अन्य जगह पर ले जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौपने वालो में जलेश्वर कश्यप, अर्जुनलाल बरेठ, लखनलाल कश्यप, लवकांत वैष्णव, माधवी वैष्णव, शिवकुमार बरेठ, फनीष कश्यप, कार्तिक राम बरेठ, रामधन कश्यप, गंगाराम बरेठ, सहीत अन्य लोग शामिल है।

## कई राज्यों में सप्लाई हो रहा किसान स्कूल का केंचुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

- अमेरिका के वैज्ञानिकों को पसंद आया आइसिंनिया फोटिडा किस्म का केचुआ

जिले के एक छोटा सा गांव बहेराडीह में स्थापित देश का पहला किसान स्कूल में लंबे समय से पालन हो रही उन्नत किस्म की केंचुआ की सप्लाई छत्तीसगढ़ के अलावा भारत के कई राज्यों में हो रही है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका के वैज्ञानिकों को यहां का केंचुआ खूब पसंद आया।

इस संबंध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त करने और आत्मा योजना के तहत राज्य के बाहर भ्रमण के दौरान जैविक खाद बनाने और जैविक कृषि के तकनीक को देखकर वर्ष 2005 से घर के पीछे बाड़ी में जैविक खाद बनाने और केंचुआ पालन का काम छोटे स्तर पर शुरू किया था, लेकिन अब कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र,क्रेडा विभाग, पशुधन विकास विभाग और उद्यान विभाग के सहयोग से जैविक खाद बनाने और केंचुआ पालन के कारोबार को बड़े स्तर पर करके लाखों रुपए आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया यहाँ की केचुआ की सप्लाई इस समय बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा समेत कई राज्यों में बस,ट्रेन के माध्यम से सप्लाई किया जा रहा है। कृषि विभाग में कृषक मित्र दीनदयाल यादव ने बताया कि यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किसानों को 262 रुपये प्रति किलो तथा 10 रुपये प्रति किलो थोक कीमत की हिसाब से बिक्रय किया जाता है। वहीं किसानों को यहां पर केचुआ पालन करने की निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाता है।



**केचुआ पालन को लेकर अनुसंधान जारी-** भारत में पाये जाने कई प्रकार की केचुआ का पालन करने की योजना बनाई जा रही है। अभी तक यहां पर भुण्डियन केचुआ, अफ्रीकन केचुआ और ऑस्ट्रेलियन केचुआ का अलग अलग जगह पर करके अनुसंधान किया गया लेकिन यहां का वातावरण ऑस्ट्रेलियन केचुआ के लिये अनुकूल पाया गया। वहीं जैविक खाद अर्थात वर्मी कंपोस्ट तथा वर्मीवाश की गुणवत्ता भी अच्छा पाया गया। अनुसंधानकर्ता दीनदयाल यादव ने बताया कि ऑस्ट्रेलियन केचुआ बहुत ही तेजी से पनपने वाला केचुआ है। जबकि इस जिले के लिये भुण्डियन केचुआ और अफ्रीकन केचुआ की बृद्धि के लिए उपयुक्त नहीं है।

## साइबर पुलिस पर गंभीर आरोप, मारपीट और अवैध जब्ती का मामला, एसपी से हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

जिले में साइबर पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठे हैं। स्थानीय निवासी श्रीमती रेणु कसेर ने पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के पास उपस्थित होकर यह आरोप लगाया है कि 28 फरवरी 2025 को साइबर पुलिस ने उनके पति विजय कसेर को झूठे मामले में फंसाकर मारपीट की और उनके घर से 4 लाख 30 हजार रुपए नकद जब्त किए, लेकिन आधिकारिक रिकॉर्ड में केवल 1 लाख 5 हजार की जब्ती दिखाई गई।

रेणु कसेर के अनुसार, लगभग शाम 6 बजे पुलिस उनके घर पहुंची, उनके पति का मोबाइल जब्त किया और अलमारी खोलने के लिए दबाव डाला। जब उन्होंने अलमारी खोली, तो पुलिस ने चार लाख तीस हजार रुपये जब्त कर लिए, लेकिन जब्ती रिपोर्ट में कम राशि दर्ज की। इसके बाद, विजय कसेर को भालेराय मैदान ले जाकर पीटा गया और जबरन अन्य व्यक्ति के नाम लेने के लिए मजबूर किया गया।रेणु कसेर ने यह भी दावा किया कि प्रधान आरक्षक रोहित कहरा ने इस घटना का वीडियो बनाकर अन्य लोगों से रिश्वत मांगी। उन्होंने कहा कि इस मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य रिकॉर्डिंग मौजूद हैं, जो निष्पक्ष जांच में मदद कर सकते हैं। परिवार ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि जब्त की गई पूरी राशि वापस मिले और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो। इस घटना से स्थानीय समुदाय में आक्रोश है, और निष्पक्ष जांच की मांग जोर पकड़ रही है। हालांकि शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक ने चांपा एसडीओपी को जांच कर प्रतिवेदन देने निर्देश दिए हैं।



शिकायत करने एसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. बोदरी तह. बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग., पर स्थित खसरा नं. 52/9, 52/10, 52/4, 52/5, 52/6 ले आउट प्लाट नं. A-11 टोटल रकबा 2857 sqft वर्तमान राजस्व अभिलेखो मे शशी कुमार बैरागी आ. गोवर्धन बैरागी के नाम पर दर्ज है।

उक्त संपत्ति का मूल रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 23/03/2013 दस्तावेज क्रमांक 5012 गुम हो गया है।

उक्त संपत्ति को शशी कुमार बैरागी आ. गोवर्धन बैरागी द्वारा बैंक ऑफ बडौदा शाखा जांजगीर मे बंधक रखकर ऋण लिया हुआ है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक / शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय को आपत्ति हो तो आज से 15 दिवस के भीतर बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा जांजगीर मे लिखित आपत्ति दर्ज कर सकते है। उक्त समयावधि के समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा उस पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

**एन. के. गोयल**
**अधिकृत अधिवक्ता**
**बैंक ऑफ बडौदा**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल अनमोल देवांगन पिता सुरेश देवांगन ग्राम चांपा ने ग्राम हथनेवरा तहसील चांपा छ.ग. स्थित भूमि ख. नं. 516/1 रकबा 0.55 एकड़ (पचपन डिसमिल भूमि) को भूमि स्वामी विक्रेता पंकज केडिया पिता ओम प्रकाश केडिया निवासी ग्राम चांपा वाले से खरीदने का सौदा किया है और पंकज केडिया को अग्रिम विक्रय रकम भी दिया है इसकी रजिस्ट्री मार्च 2025 में होनी है इस भूमि बाबत् जिस किसी व्यक्ति को अपना हक दावा करना है वह प्रकाशन दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर अपना हक दावा प्रस्तुत करें। समय बाद आपत्ति हक दावा मान्य नहीं किया जावेगा। बाद मे विक्रय पत्र की लिखा पढ़ी पंजीयन होने के बाद किये जाने वाला आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी और इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगें।
सूचना जानें।
दिनांक 06/03/2025

**प्रेषक**
**शिव कुमार तिवारी**
**अधिवक्ता**
**राजा पारा चांपा**
**पो. चाम्पा 495671**

8th MARCH
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ईमानदारी एवम् निष्ठापूर्ण कार्य ही सफलता की कुंजी

विशेषता:- डॉ. (श्रीमति) एस. बिरथरे, (डायरेक्टर बिरथरे नर्सिंग होम चाम्पा) ने महिला दिवस पर सभी महिलाओं को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की है। आगे उन्होने कहा इसमें दो मत नहीं कि आज परिवेश तरह बदल चुका है, और सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी दखलअन्दाजी दी है। परन्तु मंजिल अभी दूर है। हम जहां भी हैं ईमानदारी और निष्ठापूर्ण अपना कार्य करें और परिवार, समाज, देश में अपना रचनात्मक योगदान दें। नारी शक्ति में अपार संभावनायें है जिसका हमें उपयोग करना हैं, भ्रमित होकर इसका दुरुपयोग न करें। डॉ. (श्रीमति) एस. बिरथरे विगत 36 वर्षों से अविरल चिकित्सा क्षेत्र में अपना योगदान दें रही है। एवम् वे कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़ी है। उनके योगदान के लिए उन्हें कई अवार्डों एवम् प्रशस्ति पत्रों से नवाजा गया है। वर्तमान में आप बिरथरे नर्सिंग होम चाम्पा की संचालिका के रूप में अपनी सेवाये दे रही है।
उपलब्ध सुविधाएं:- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच । प्रसूति सामान्य एवं उपकरण द्वारा (फोरसेप्स एवं वैक्यूम)। ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी (सिजेरियन ऑपरेशन) । निःसंतान दंपत्ति की सम्पूर्ण जांच एवं ईलाज मातृत्व एवं परिवार कल्याण सलाह । स्त्री रोगों संबंधी सभी ऑपरेशन । बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (Hysterectomy) । बच्चेदानी का गोला, रसौली एवं छालों का विशेष ईलाज । हाई-टेक 4D कलर डॉप्लर सोनोग्राफी । विडियो काल्पोस्कोपी मशीन द्वारा गर्भाशय के मुंह के कैंसर की जांच । C. T. G. मशीन एवं Fetal Doppler द्वारा प्रसव के दौरान गर्भस्थ शिशु की सम्पूर्ण निगरानी पैथोलेब। पूर्णतः सुसज्जित माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम मल्टीपैरा मॉनीटर के साथ। ए. सी. डिलक्स एवं एयर कूल्ड कमरें उपलब्ध।
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीमती पल्लवी बिरथरे द्वारा बच्चों की संपूर्ण जांच, इलाज एवं टीकाकरण की सुविधा। अल्ट्रा सोनोलाजिस्ट एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ बिरथरे तथा जनरल फिजिशियन डॉ. व्ही.एन. बिरथरे की भी सेवाएं उपलब्ध।
काल्पोस्कोप अत्याधुनिक कैंसर जांच की मशीन



डॉ. श्रीमती शरद बिरथरे
वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
संचालिका- बिरथरे नर्सिंग होम

बिरथरे नर्सिंग होम
लायंस क्लब रोड, चांपा, जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.) मो.नं. 9425223221, 9424143221

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,



डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र
बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
- पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन



जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh
Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज



जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,

24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,

सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल



# क्राइम-ड्रामा सीरीज से सौरव गांगुली करेंगे डेब्यू

**नई दिल्ली।** निर्देशक-निर्माता नीरज पांडे की नई वेब सीरीज खाकीः द बंगाल चैप्टर का ट्रेलर रिलीज किया गया। इस क्राइम ड्रामा की कहानी पश्चिम बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कई सितारों से सजी इस सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बंगाल टाइगर के नाम से जाने जाने वाले क्रिकेटर सौरव गांगुली भी नजर आ सकते हैं। नीरज पांडे ने इस बारे में ज्यादा कुछ तो नहीं बताया, लेकिन उन्होंने मुस्कुराते हुए सवाल का जवाब दिया और कहा कि जहां तक सौरव का सवाल है, देखते रहिए। नीरज का सिर्फ इतना कहना ही अब इन लोगों के जेहन में सौरव की मौजूदगी को लेकर और भी उत्सुकता बढ़ा गया है।

## लाइफ Style



# जान्हवी
## 'आरसी 16' में फर्स्ट लुक आया सामने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने गुरुवार को अपना 28वां जन्मदिन मनाया। इस खास दिन पर इनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरसी 16' के निर्माताओं ने एक्ट्रेस का एक लुक रिलीज करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साउथ इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता राम चरण और अभिनेत्री जान्हवी की आगामी फिल्म 'आरसी 16' का पहला लुक सामने आया है।

यह लुक एक्ट्रेस जान्हवी के जन्मदिन का खास तोहफा है, जो वृद्धि सिनेमा द्वारा शेयर किया गया है। इसमें एक्ट्रेस ट्रैक पैंट के साथ टीशर्ट पहने हुए दिख रही हैं और वह हाथ में एक बकरी लिए खुशी से झूम रही हैं। यह दृश्य गांव का है, जो फिल्म का एक बिहाइंड दी सीन है। हालांकि, इसमें एक्ट्रेस के किरदार के बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म 'देवरा' थी। उसके बाद एक्ट्रेस की यह दूसरी तेलुगु फिल्म है, जिसका लोगों को बेसब्रसी से इंतजार है। इस फिल्म में कई बड़े कलाकार भी शामिल हैं। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही फिल्म जल्द ही शीर्षक से भी पर्दा उठाने की योजना बना रही है। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम 'आरसी 16' रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से बनाए गए स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिका में हैं, जो राम चरण के साथ उनकी पहली फिल्म है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'अनोरा' 37 दिन में हुई थी शूट

**नई दिल्ली।** अनोरा फिल्म की शूटिंग को 37 दिन में ही पूरा कर लिया गया था। हालांकि फिल्म के एक लंबे सीन को शूट करने में 10 दिन लग गए थे। यही नहीं, अनोरा से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा और भी है। फिल्म में युरा बोरिसोव और माइकी मेडिसन का एक लड़ाई का सीन है। इस सीन में जान डालने के लिए यूरा बोरिसोव ने माइकी से कहा था कि वह लड़ाई के सीन के दौरान उन्हें सही में मारेंगी। इस तरह सीन को पूरी तरह से नेचुरल रखने की कोशिश की गई।



# एड्रियन ब्रॉडी के लिए लकी है किस...

**नई दिल्ली।** साल 2025 यानी कि इस बार एड्रियन ने फिल्म द ब्रूटलिस्ट के लिए ऑस्कर का बेस्ट एक्टर अवॉर्ड जीता। इस जीत के अलावा उनका किसिंग वीडियो भी सोशल मीडिया पर चर्चा में है। क्योंकि, यह वीडियो ऑस्कर के ऑफीशियल पेज पर शेयर किया गया है। इससे पहले उन्होंने 22 साल पहले भी रेड कार्पेट पर एक किस किया था जो की चर्चा में रहा था। साल 2003 में जब एड्रियन और हैल रेड कार्पेट पर मिले थे तो दोनों ने किस किया था। इस साल एड्रियन अपनी फिल्म द पियानिस्ट के लिए बेस्ट एक्टर कैटेगिरी में नॉमिनेटेड थे और उन्होंने ये जीत अपने नाम की थी. अब जब दोबारा वो हैल से रेड कार्पेट पर मिले तो वो 22 साल पुराना मोमेंट दोहराया और एक बार फिर ये उनके लिए लकी चार्म साबित हुआ।



# 'मिर्जापुर की गोलू' अब बनाएंगी फिल्म

**नई दिल्ली।** मिर्जापुर फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। श्वेता त्रिपाठी ने कहा, जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया।




# 'टेस्ट' 4 अप्रैल को ओटीटी पर...

**मुंबई।** आर माधवन और नयनतारा की आगामी फिल्म 'टेस्ट' के ओटीटी रिलीज की तारीख सामने आ चुकी है। निर्माताओं ने गुरुवार को इसकी घोषणा कर दी है। आर माधवन और नयनतारा की आगामी फिल्म 'टेस्ट' ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। गुरुवार को निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म की स्ट्रीमिंग की तारीख की घोषणा कर दी। यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। निर्माताओं ने इन दिनों स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का विकल्प चुनने वाली प्रमुख फिल्मों के बढ़ते चलन की वजह से डिजिटल प्रीमियर का विकल्प चुना है। एस. शशिकांत के निर्देशन में बनी फिल्म 4 अप्रैल से ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। यह शशिकांत के निर्देशन की पहली फिल्म है। इससे पहले उन्होंने लोकप्रिय तमिल फिल्में 'तमीज पदम', 'विक्रम वेधा', 'इरुधि सुत्रु' और 'जगमे थंधीराम' का निर्माण किया है।

## टीवी मसाला



# 'मेड इन इंडिया- ए टाइटन स्टोरी' में जेआरडी टाटा बने नसीरुद्दीन

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर अपनी नई सीरीज 'मेड इन इंडिया-ए टाइटन स्टोरी' को लेकर चर्चा में है। इसमें नसीरुद्दीन शाह, जेआरडी टाटा का रोल निभाएंगे और जिम सर्भ जर्कसिस देसाई के रोल में नजर आएंगे। भारत के सबसे मशहूर और सम्मानित बिजनेसमैन में से एक रहे जेआरडी टाटा की पूरी कहानी अब एक सीरीज के रूप में देखने को मिलेगी। टाटा ग्रुप को भारत की सबसे प्रतिष्ठित कंपनियों में से एक बनाने वाले जेआरडी टाटा यानी जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा की जिंदगी पर 'मेड इन इंडिया-ए टाइटन स्टोरी' नाम से वेब सीरीज बनाई जा रही है। 'मेड इंन इंडिया-ए टाइटन स्टोरी' में जेआरडी टाटा के रोल के लिए अनुपम खेर, कबीर बेदी, डैनी डेंग्जोपा, डेंजिल स्मिथ और सुरेश ओबेरॉय जैसे कई एक्टर्स रेस में थे। इनके नाम भी अमेजन एमएक्स प्लेयर को भेजे गए थे, पर नसीरुद्दीन शाह का नाम फाइनल किया गया है। 'मेड इंन इंडिया-ए टाइटन स्टोरी' में टाइटन ब्रांड के बनने की कहानी और जेआरडी टाटा की उपलब्धियों को दिखाया जाएगा। लेकिन जर्क्सेस देसाई की कहानी भी दिखाई जाएगी, जिन्होंने टाइटन घड़ियों और तनिष्क जैसे ब्रांड की नींव रखी थी। चूंकि, जर्कसिस देसाई पारसी थे, इसलिए वेब सीरीज में उनका किरदार एक पारसी कलाकार निभाएगा। जर्कसिस देसाई के रोल के लिए जिम सर्भ को फाइनल किया गया है। ओटीटी कंपनी अमेजन एमएक्स प्लेयर चाहती थी कि जेआरडी टाटा वेब सीरीज में 75 के ऐज ग्रुप में दिखाया जाए। इसलिए, एक ऐसे कलाकार की तलाश थी, जो न सिर्फ उस एज ग्रुप का हो, बल्कि किरदार के साथ न्याय भी कर सके।

## 'झनक' में नवजात बच्चे पर लगाया गया रंग तो गुस्से से तिलमिलाए लोग...

**नई दिल्ली।** हिबा नवाब और कृशाल आहूजा का शो 'झनक' लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि इस शो का



प्रीमियर 2023 में हुआ था। तब से यह टीआरपी चार्ट पर छाई हुई है। फैंस इसकी कहानी और कास्ट की एक्टिंग दोनों को पसंद करते हैं। सबसे हालिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ जिससे लोग आक्रोश में आ गए हैं। अर्शी अनिरुद्ध के बच्चे की मां बनने वाली है। उसका एक्सीडेंट हुआ था और उसे गंभीर हालत में होने के बावजूद अस्पताल लाया गया था। वह बच्चे को जन्म देती है, लेकिन अर्शी की जान खतरे में है। झनक और अनिरुद्ध अर्शी को लेकर चिंता में हैं। चांदनी शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक बिहाइंड द सीन वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में चांदनी को बच्चे के जन्म के लिए अस्पताल में दिखाया गया है।

## 'डोरी 2' स्टारकास्ट से बातचीत...
# होली के रंग में भंग डालेगी 'राजनंदिनी'

**मुंबई।** कलर्स टीवी के चर्चित सीरियल 'डोरी 2' में इन दिनों लगातार ट्विस्ट पर ट्विस्ट आ रहे हैं। शो में 'डोरी' और 'मान' ने कॉन्ट्रैक्ट के तहत शादी कर ली है, जो 'राननंदनी' को रास नहीं आ रहा। जल्द ही शो में होली का त्योहार मनाया जाएगा, जिस बीच 'राजनंदनी' इस कॉन्ट्रैक्ट के पीछे का राज पता लगाने की कोशिश करेगी। सच जानने के लिए वह दोनों को भांग खिलाने वाली है। देखना होगा 'राजनंदनी' इस राज का पर्दा किस तरह उठाती है। बता दें, 'राजनंदिनी' का किरदार 'उतरन' और 'बिग बॉस 16' फेम श्रृजिता डे निभा रही हैं। हरिभूमि और आईएनएस 24X7 की टीम 'डोरी 2' के सेट पर पहुंची और सीरियल की लीड कास्ट प्रियांशी यादव और श्रृजिता डे से बातचीत की। बता दें, सीरियल 'उतरन' में श्रृजिता डे ने एक नेगेटिव किरदार निभाकर लोगों के दिलों में जगह बनाई थी। 'डोरी 2' सीरियल में भी उनका नेगेटिव रोल है। ऐसे में जब उनसे पूछा गया कि क्या नेगेटिव किरदार उन पर ज्यादा सूट करते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया।



***नेगेटिव किरदार निभाने पर बोलीं श्रृजिता :*** 'नेगेटिव किरदार मुझ पर सूट करते हैं, इसलिए मैं इस बार भी ऐसा किरदार निभा रही हूं। मैं इसे एक कॉम्प्लिमेंट की तरह लेती हूं, क्योंकि नेगेटिव किरदार निभाना मुश्किल होता है। आपको काफी अलग तरह से सोचना होता है, क्योंकि असल जिंदगी में हम नेगेटिव किरदारों की तरह नहीं सोचते।' वहीं, 'पंड्या स्टोर' जैसे सीरियल में नजर आ चुकीं प्रियांशी से पूछा गया कि वह किस तरह के किरदार निभाना पसंद करेंगी। इस पर उन्होंने कहा कि वह हर तरह के किरदार निभाना चाहेंगी और उनके लिए पॉजिटिव या नेगेटिव किरदार का कोई फंडा नहीं है।

### बिग बॉस के बाद जिंदगी में क्या बदलाव आया?

'बिग बॉस 16' में नजर आ चुकीं श्रृजिता ने बताया 'बिग बॉस के बाद बाहरी दुनिया के साथ-साथ मेरी पर्सनल लाइफ में भी काफी बदलाव आए हैं। अब मैं खुद को ज्यादा समझदार महसूस करती हूं, मेरा पेशेंस बढ़ा है, क्योंकि वह घर आपको बहुत कुछ सिखाता है। घर से मैं ज्यादा मैच्योर और सेंसिबल बनकर बाहर निकली, जो शायद मुझे अपने बारे में पहले नहीं पता था। अंदर से बहुत से बदलाव आए, जो मेरे लिए जरूरी थे।' 'डोरी 2' कलर्स पर सोमवार से शुक्रवार रात 10:30 बजे प्रसारित होता है।

# *अमिताभ के साथ झगड़े के लिए शत्रुघ्न ने रेखा को ठहराया जिम्मेदार, किया था बड़ा खुलासा*

***नई दिल्ली।*** *शत्रुघ्न सिन्हा अपने सख्त बयानों के लिए जाने जाते हैं। वह कई चीजों पर बेबाकी से अपनी राय रखते हैं। शत्रुघ्न सिन्हा ने साल 2016 में छपी अपनी बायोग्राफी में कई चीजों को बहुत ईमानदारी से लिखा है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी बायोग्राफी में अमिताभ बच्चन के बारे में बात की है। उन्होंने बच्चन के साथ अपने झगड़े की वजह रेखा को बताया है। इसी बायोग्राफी में उन्होंने रीना रॉय के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताया है।*



### *रेखा की वजह से जुदा हुआ अमिताभ शत्रुघ्न*

*शत्रुघ्न सिन्हा ने अमिताभ के साथ अपने झगड़े के लिए अप्रत्यक्ष रूप से रेखा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा 'काला पत्थर की शूटिंग के दौरान एक नामी अभिनेत्री के साथ उनके बहुत दोस्ताना रिश्ते थे, वह उनके यहां जाया करती थीं। लेकिन वह एक बार भी उसे बाहर नहीं लाए और हममें से किसी से भी उसका परिचय नहीं कराया। इंडस्ट्री में सबको पता था कि कौन कहां जाता है। जब रीना मेरे मेकअप रूम में होती थीं तो सबको पता चल जाता था। इस तरह की चीजें कभी नहीं छिपती हैं।'*

### *20 सालों तक एक - दूसरे से नहीं की बात*

*एक इंटरव्यू में सिन्हा ने रेखा के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने माना कि उनकी सोच अलग थी जिसकी वजह से उन्होंने एक दूसरे से 20 सालों तक बात नहीं की। उन्होंने अपनी बीवी पूनम सिन्हा की वजह से सुलह कर लिया। शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद माना कि उन्होंने रेखा पर कई बार जबानी हमले किए, इसके बावजूद रेखा ने उनके बारे में कुछ भी नाकारात्म नहीं कहा।*

### शत्रुघ्न के परिवार से रेखा के हैं करीबी रिश्ते

*आज की तारीख में रेखा के शत्रुघ्न सिन्हा के परिवार के साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। हाल ही में वह न सिर्फ सोनाक्षी सिन्हा की शादी में पहुंचीं बल्कि वह शत्रुघ्न सिन्हा की जन्मदिन की पार्टी में उनके घर पर गई थीं।*

## 14 मार्च को 'द डिप्लोमैट' हो रही रिलीज, इसमें पाकिस्तान में फंसी लड़की की दिखाई गई है कहानी

# पाकिस्तान में फंसे भारतीय लोगों पर बनी हैं ये फिल्में

***नई दिल्ली।*** *14 मार्च को जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी दिखाई गई है जो कि भारतीय है और पाकिस्तान में फंस गई है। हालांकि यह पहली फिल्म नहीं है जो पाकिस्तान में फंसे भारतीयों की कहानी के बारे में बताती है। इससे पहले भी कई फिल्मों ने पाकिस्तान में फंसे भारतीयों की कहानी को दिखाया है।*



**गदर 2 :** अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी 'गदर 2' फिल्म अगस्त 2023 में रिलीज हुई थी। फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल, सिमरत कौर और उत्कर्ष शर्मा ने अहम किरदार निभाया था। फिल्म की कहानी भारत पाकिस्तान के 1971 के जंग के दौरान की है। फिल्म में तारा सिंह का बेटा पाकिस्तान में फंस जाता है। इसे वापस लाने के लिए तारा सिंह पाकिस्तान जाते हैं और अपने बेटे को वापस लाते हैं।

**सरबजीत :** यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित थी। फिल्म का निर्देशन ओमुंग कुमार ने किया था। इसमें रणदीप हुड्डा और ऐश्वर्या राय अहम भूमिका में थे। फिल्म में सरबजीत की कहानी दिखाई गई थी जो 1991 में पाकिस्तान में धोखे से चले जाते हैं और उन्हें पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट आजीवन कारावास की सजा सुनाता है। तमाम कोशिशों के बावजूद सरबजीत भारत वापस नहीं आ पाते।



**राजी :** इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया था। फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। इसमें आलिया भट्ट और विक्की कौशल ने अहम किरदार अदा किया है। इसमें एक ऐसी लड़की की कहानी दिखाई गई है जो भारत से पाकिस्तान में जासूसी करने जाती है। लेकिन वहां फंस जाती है। लड़की को भारत में लौटने के लिए बहुत दिक्कत होती है।





**वीर जारा :** यह फिल्म 2004 में आई थी। इसका नर्देशन यश चोपड़ा ने किया था। फिल्म में शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी अहम किरदार में थे। यह फिल्म भी एक सच्ची घटना पर आधारित थी। भारतीय वायु सेना के अफसर को पाकिस्तान के राजनीज्ञ की बेटी से प्यार हो जाता है। ऐसे में वीर प्रताप सिंह को गलत इल्जाम में जेल हो जाती है। उन्हें 22 सालों तक कैद रखा जाता है।

7 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 3/7/2025 9:19 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समिति आज करेगी सम्मान

**जांजगीर-चांपा।** महिला पतंजलि समिति जांजगीर चांपा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 8 मार्च को दोपहर 3 बजे से शारदा मंदिर परिसर जांजगीर में आयोजित है। समिति के जिला महामंत्री श्रीमती चमेली साहू ने बताया कि जिला महिला प्रभारी व पार्षद श्रीमती मनीषा गोपाल के संयोजकत्व में पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा गढ़वाल अध्यक्ष नगरपालिका परिषद् जांजगीर नैला, अध्यक्षता सुश्री जया मिश्रा राज्य महिला प्रभारी महिला पतंजलि समिति तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमति निर्मला सिंह पार्षद वार्ड न 8, श्रीमति प्रीति यादव पार्षद वार्ड न 16, श्रीमति खुशबू राठौर पार्षद, श्रीमति नंदनी राजवाड़े पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमति नीलू पांडे पूर्व जिला पंचायत सदस्य, श्रीमति अनुराधा शुक्ला बाल कल्याण समिति सदस्य, श्रीमति ऋषि कांता राठौर बी. आर. सी. सी., श्रीमती मिथलेश यादव पूर्व पार्षद, श्रीमति सुनीता यादव पार्षद, सुश्री लक्ष्मी करियारे लोक गायिका, कवयित्री, श्रीमती तान्या पाण्डेय महिला उत्पीड़न समिति सदस्य, श्रीमती सुषमा पाण्डेय विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्रीमती संतोषी वैष्णव, श्रीमती अंजू दिवान, श्रीमती पुष्पांजलि सोनी उपस्थित रहेंगी।। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं का सम्मान किया जावेगा।

### गतवा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**बिर्रा।** ग्राम गतवा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 8 व 9 मार्च को आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रू, द्वितीय ईनाम 70001 रू, तृतीय पुरस्कार 5001, चतुर्थ ईनाम 3001 रू दिया जाएगा। कबड्डी का उद्घाटन जैजैपुर कांग्रेस विधायक मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चद्रा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष गोपी सिंह ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, विशिष्ट अतिथि कविता राजेन्द्र सदस्य जनपद पंचायत बोरसी सरपंच दिनेश चद्रा बिर्रा सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू सिलादेही सरपंच संतोषी राजकुमार पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरी लाल कलार पूर्व सरपंच रोहित चद्रा बोरसी भूपेंद्र चद्रा एस बी आई कियोस्क बिर्रा राकेश चद्रा पुलिस बोरसी की उपस्थिति में होगा। सभी को शील्ड दिया जाएगा। समिति अध्यक्ष सरपंच भुवन साहू उपाध्यक्ष दाऊराम साहू सचिव लाला केवट मंच संचालन जैतराम फागूलाल रामचंद्र सिदार माहुलदीप वाले होंगे।

### शहीद मनोज बरेठ की 10वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह 11 को

**देवरी सारागांव।** शहीद मनोज बरेठ की 10वीं पुण्य तिथि पर 11 मार्च को ग्राम कुम्हारीकला में श्रद्धांजलि



सभा आयोजित कर उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन कर उनकी शहादत को नमन किया जाएगा। यह कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ उनके बलिदान को यादगार बनाएगा। ग्राम पंचायत कुम्हारीकला के वीर सपूत शहीद मनोज कुमार बरेठ ने 11 मार्च 2014 को सुकमा के तोंगपाल में नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपने प्राण मातृभूमि के चरणों में अर्पित कर दिए थे। वे सीआरपीएफ की 80वीं बटालियन के वीर जवान थे। उनकी 10वीं पुण्यतिथि पर 11 मार्च को ग्राम कुम्हारीकला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें ग्रामीण, परिजन और प्रशासनिक अधिकारी भाग लेंगे। शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन कर उनकी शहादत को नमन किया जाएगा।

### निधन

#### देवलाल चंद्रा

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत किकिरदा के बस स्टैंड चौक निवासी प्रतिष्ठित नागरिक देवलाल चंद्रा का बुधवार



5 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अरविंद कुमार चंद्रा व अनिल कुमार चंद्रा के पिता और सुरेश कुमार चंद्रा एवं राजेश कुमार चंद्रा के चाचा थे। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं के अलावा ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

अलग-अलग दिन आहरण व्यवस्था, फिर भी बनी है समस्या

# जिला सहकारी बैंक में लग रही किसानों की भीड़, राशि निकालने कर रहे मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला सहकारी बैंक में लगी किसानों की भीड़।

जिला सहकारी बैंक जांजगीर में राशि आहरण करने किसानों की बेतहाशा भीड़ बैंकों में नजर आ रही है। किसानों की सुविधाओ को ध्यान में रखकर अलग अलग दिनों में राशि निकालने कहा गया है। फिर भी भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है।

गौरतलब है कि जिला सहकारी बैंक जांजगीर में करीब करीब 26 हजार से अधिक किसानों ने बैंक खाते खुलवाए है ताकि समय पर राशि जमा एवं आहरण किया जा सके, लेकिन यहां के जिला सहकारी बैंक में किसानों की समस्या कम होने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। कुछ इसी तरह की स्थिति बैंक में आए दिन देखने को मिल रही है। किसान अपनी ही जमा राशि पाने के लिए सुबह से शाम तक कड़ी मशक्कत करते नजर आ रहे है। जिला सहकारी बैक जांजगीर के अंतर्गत करीब 50 गांव से अधिक किसानों के द्वारा बैंक खाता खुलवाया गया है। वहीं राशि आहरण को लेकर अलग अलग दिनों के अनुसार अलग-अलग तारिख में किसानों को राशि लेने के लिए आने कहा गया है, फिर भी इस तरह की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। खास बात यह है कि इस तरह की समस्या विगत कई सालो से बनी हुई है। इन सबके बावजूद इस समस्या पर ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है। बैक प्रबंधन की माने तो अलग अलग दिनों के अनुसार राशि लेने के लिए किसानो को कहा जाता है, लेकिन जनजागरूकता एवं अन्य कारणों के चलते किसानो की भीड़ बैंक में टुट पड़ती है। ऐसे में अपनी ही जमा राशि पाने के लिए किसान सुबह से शाम तक कड़ी मशक्कत करते देखे जाते है। इसके बाद भी किसानों को अपनी ही जमा राशि नहीं मिल पाती। जिला सहकारी बैंक जांजगीर में करीब 26 हजार से अधिक किसानों ने अपने बैंक खाते खुलवाए है। इनमें से 8 हजार से अधिक किसानों के पास एटीएम की व्यवस्था है। वहीं ज्यादातर किसान अब भी एटीएम सेवा से बाहर है, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

#### विष्णु मंदिर मार्ग पर जाम की स्थिति

जिला सहकारी बैंक जांजगीर में किसान अपनी ही जमा राशि लेने के लिए जब बैक आते है। इस दौरान किसानों की काफी भीड़ नजर आती है। इस बीच मार्ग में बुधवार के दिन जहां सप्ताहिक बाजार लगता है। जिसके चलते लोगो को आवाजाही में भारी दिक्कते होती है। साथ ही साथ विष्णु मंदिर एवं पुरानी बस्ती मार्ग जाने वाले मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिती निर्मित हो जाती है।

#### दिए हैं दिशा निर्देश

बैंक से राशि आहरण को लेकर किसानों को अलग-अलग दिनों के अनुसार बैंक आने कहा गया है। किसानों की सुविधाओ को देखते हुए एटीएम भी जारी किए गए है। समस्या आ रही है तो इसके लिए व्यवस्था बनाई जाएगी।

**-अमित साहू,**
नोडल अफसर
जिला सहकारी बैंक जांजगीर

---



सड़क पर उखड़ा डामर।

## सड़क मरम्मत के दूसरे दिन उखड़ने लगा डामर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ बरगवां से कटघरी -पोंड़ी दल्हा मार्ग का मामला

बरगवां से कटघरी होते हुए पोंड़ी दलहा मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कराया गया था जिस पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने पर संबंधित विभाग के द्वारा कुछ दिनों पूर्व मरम्मत के नाम पर ऐसा कार्य किया गया कि गढ्ढों में भरा गया गिट्टी एवं डामर दूसरे दिन ही उखड़ने लगा।

गौरतलब है कि बरगवां से कटघरी पोंड़ी दलहा मार्ग में गुणवत्ताहीन कार्य किए जाने के चलते बहुत जल्द सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे जिससे क्षेत्र वासियों को आवागमन में परेशानियों का कामना सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों के द्वारा संबंधित विभाग को गड्ढों की शिकायत किए जाने पर विभाग के अधिकारियों के द्वारा मरम्मत के नाम पर केवल खाना पूर्ति कर दी गई। ठेकेदार के द्वारा केवल 15 से 20 प्रतिशत गड्ढों को गुणवत्ताहीन गिट्टी एवं डामर से इस प्रकार से भरा गया कि मरम्मत कार्य के दूसरे दिन से ही गिट्टी डामर को छोड़कर उखड़ने लगी। इस मार्ग से आवागमन करने वाले क्षेत्र वासियों के द्वारा जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए बरगवां से कटघरी पोंड़ी दलहा मार्ग में गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई है।

---

## कलेक्टर ने दसवीं बोर्ड परीक्षा का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



निरीक्षण करते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा का शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती पहुंचकर परीक्षा संचालन का औचक निरीक्षण किया।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती में शुक्रवार 7 मार्च को कक्षा 10वीं की गणित विषय की परीक्षा कुल 6 कक्षों में संचालित हो रही थी। परीक्षा केन्द्र में कुल पंजीकृत 200 परीक्षार्थियों में से 197 परीक्षार्थी उपस्थित थे एवं 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा संचालन व्यवस्था पर कलेक्टर ने संतोष जाहिर की एवं केन्द्राध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती में लघु मरम्मत मद से किये गये कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. चन्द्रा ने कलेक्टर श्री तोपनो को अवगत कराया कि यह संस्था बोर्ड परीक्षा के लिए समन्वय केन्द्र है तथा गोपनीयता व सुरक्षा की दृष्टि से भी उपयुक्त है तथा जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में शान्तिपूर्वक माहौल में परीक्षा का संचालन हो रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित कक्षा 10वी की बोर्ड परीक्षा में जिले से कुल पंजीकृत 9289 विद्यार्थियों में से 8954 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 335 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। नकल प्रकरण की संख्या निरंक रही। जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर गठित उड़नदस्ता टीम द्वारा परीक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एन. के. चन्द्रा सहित संबंधित अधिकारी व शिक्षक उपस्थित थे।

---

## पंचायती राज अधिनियम का पालन करने जनपद सदस्यों को दिलाई गई शपथ

■ जनपद सदस्यों का हुआ प्रथम सम्मेलन का आयोजन



शपथ लेते जनपद सदस्य।

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत के सभाकक्ष में 7 मार्च को जनपद सदस्यों का प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा तथा रितेश साहू उपाध्यक्ष द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ,डॉक्टर भीमराव अंबेडकर तथा छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया।

इसके पश्चात जनपद सीईओ द्वारा बारी-बारी से शपथ दिलाया गया। इसके बाद एडीओ कृष्ण कुमार बरेठ द्वारा सभी जनपद सदस्यों को एक साथ पंचायत राज अधिनियम का पालन करने का शपथ दिलाया गया। इससे पहले सभी जनपद सदस्यों का जनपद पंचायत के कर्मचारियों द्वारा कल माला पहनकर स्वागत किया गया जहां जनपद सदस्यों को फ्रेम लगा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा ने कहा उन्हें जनता का काम करने के लिए चुना गया है साथ ही जनता के अपेक्षाओं पर हम सभी को खराब करना है सभी जनपद सदस्यों को परिवार परिवार मानकर कार्य करना है। साथ ही केंद्र तथा राज्य सरकार के सभी योजनाओं का लाभ अंतिम छोड़कर ग्रामीणों के मिले इस और विशेष ध्यान दिया जाना है। साथ ही उन्होंने कहा सद्भावना भवन तथा जनपद पंचायत का रंग रोगन के बाद शीघ्र ही कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। सरपंच एवं कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाए। साथ ही मालखरौदा जनपद पंचायत को छत्तीसगढ़ में जाना पहचाना जाए, इसके लिए नंबर वन बनाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में रंजीत अजगल्ले, मोहन मनी जाटवर, लोकेश साहू ,कुशल कश्यप, आनंद मोहन गबेल पंच सरपंच ग्रामीण के अलावा जनपद पंचायत के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

---

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का 200 लोगों ने उठाया लाभ



शिविर में उपस्थित चिकित्सक एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नगर के बी आर कर्ष मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पामगढ़ में गुरुवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क परामर्श कर उपचार किया गया। बी आर कर्ष मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पामगढ़ में स्वर्गीय बी आर कर्ष की जन्मजयंती के अवसर पर गुरुवार 6 मार्च को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में 200 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क परामर्श व उपचार प्राप्त किया। इस विशेष चिकित्सा शिविर का नेतृत्व हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. नरेंद्र कुमार कर्ष ने किया एवं श्रीमती देवमती कर्ष, डॉ दुष्यंत कुमार कर्ष, श्रीमती नेहा कर्ष ने मार्ग दर्शन किया। उनके साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित शर्मा, डॉ कमली सोनवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. हर्ष श्रीवास, डॉ. राहुल दुबे, डॉ. मुकेश राठौर और डॉ. विवेक मिश्रा शामिल रहे। साथ ही हॉस्पिटल स्टाफ राजा जैसवाल, प्रीतम कर्ष करन, आशीष साहू, लोकेश, रमशिल, नीलम, संतोषी, दीपा, योगेश, सपना, सुकृता, कामिनी, चांदीनी, नाजीमा, प्रिया, ज्योति, नीलेस, पूजा, देव, मेघा, सुलोचना, राजकुमारी, प्रवीण सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

---




हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर
सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

श्री Ram JEWELLERS
Madhya Nagari Chowk, Bilaspur

8 March
Happy Woman's Day

प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी
द्वितीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंटर
तृतीय पुरस्कार डिनर सेट
चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भारत की वित्त मंत्री कौन है ? ..........
2. लौह महिला के नाम से किसे जाना जाता है ? ..........
3. रेल्वे ड्रायवर बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
4. भारत की प्रथम क्रांतिकारी महिला कौन थी ? ..........
5. भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला अभिनेत्री कौन थी ? ..........
6. भारत की प्रथम महिला शिक्षिका कौन थी ? ..........
7. वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कितनी महिला महापौर है ? ..........
8. एम. ए. पास करने वाली भारत की पहली महिला ? ..........
9. प्रथम भारतीय महिला क्रिकेट अम्पायर कौन थी ? ..........
10. महिलाओं को वोट देने का अधिकार सबसे पहले किस देश ने दिया था ? ..........

छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join A Graduation Degree Program in Association with Dr CV Raman University, Kota, BSP
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
Summer Camp for KIDS
Exclusively for Class 5th - 11th
Admissions Open For New Session
ARENA ANIMATION
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics
Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING B Tech in Mechanical Engineering, Civil Engineering, Electrical Engineering, Computer Science & Engineering
BILASPUR COLLEGE OF POLYTECHNIC DIPLOMA in Mechanical Engineering, Mining, Civil Engineering, Electrical Engineering
J K EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE ARTS AND COMMERC Bsc. BIOLOGY B.COM B.A. | PGDCA
PHARMACY M. PHARMA B. PHARMA D. PHARMA
JES COLLEGE OF NURSING B.Sc Nursing
J.K. NATIONAL SCHOOL
JES COLLEGE EDUCATION B.ed D.El.Ed
CITY OFFICE : Opposite Anand Children Hospital, Torwa, Bilaspur (C.G.)
COLLEGE : Near Gatora Railway Station, Bilaspur (C.G.)
CONTACT NO. : 98271-90018, 90399-69828, 70007-88531

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्टि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........
पिता/पति का नाम :- ..........
स्थाई पता :- ..........
फोन/मो. नं. :- ..........
शैक्षणिक योग्यता :- ..........
फोटो यहां चिपकाएं

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT | NICETEC COMPUTER EDUCATION Since 1998
REGISTER NOW
SC और ST वर्ग की महिलाओं के लिए निःशुल्क
अन्य वर्ग की महिलाओं के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध
NIELIT भारत सरकार के तत्वाधान में
राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT)
भारत सरकार के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
फ्रेंचाइज़ी ओपनिंग
Certificate सीधे भारत सरकार द्वारा प्रमाणित
Courses Available For Training:- "O" Level
NiceTec Building, Idgah Chowk, Bilaspur Mo. 9713297588, 8770020992, 7879659562, 8817215921





स्वामी जी
93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411